महत्वपूर्ण सूचना

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी द्वारा विद्यालय शिक्षा निदेशालय द्वारा जारी किए गए पत्र के आधार पर शैक्षिक सत्र 2021-2022 के लिए मिडल/सैकेण्डरी एवं सीनियर सैकेण्डरी स्तर के अराजकीय अस्थाई मान्यता प्राप्त विद्यालयों की सम्बद्धता हेतु विद्यालयों से डाटा भरवाने के लिए प्रोफार्मा निर्धारित किया गया है। सम्बन्धित विद्यालय मुखिया बोर्ड की अधिकारिक वेबसाइट www.bseh.org.in पर 25 जनवरी, 2022 से अपलोड किए गए प्रोफार्मा में ऑनलाइन संपूर्ण विवरण भरने उपरान्त डाउनलोड करके निर्धारित तिथियों अनुसार मूल रिकार्ड के साथ बोर्ड के अध्यापक भवन में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष प्रो०(डॉ.)जगबीर सिंह, उपाध्यक्ष श्री वी.पी.यादव एवं सचिव श्री कृष्ण कुमार, ह.प्र.से. ने आज यहाँ बताया कि सम्बद्धता हेतु विद्यालयों से डाटा भरवाने के लिए जिला-हिसार, भिवानी, रोहतक, चरखी-दादरी व जीन्द के विद्यालयों के लिए 27 जनवरी, जिला-पलवल, फरीदाबाद, गुरूग्राम, नूंह एवं झज्जर के लिए 28 जनवरी, जिला- सिरसा, फतेहाबाद, कैथल, कुरूक्षेत्र व अम्बाला के लिए 29 जनवरी तथा शेष जिलों- महेन्द्रगढ़, रेवाड़ी, करनाल, पानीपत, पंचकूला, सोनीपत, यमुनानगर के लिए 30 जनवरी, 2022 तिथियां निर्धारित की गई हैं।

उन्होंने आगे बताया कि सभी सम्बन्धित विद्यालयों द्वारा दिखाए गए रिकार्ड के आधार पर ही सम्बद्धता शुल्क एवं एनरोलमैंट शुल्क ऑनलाइन बिना विलम्ब शुल्क भरवाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि सम्बद्धता आवेदन फार्म व शुल्क ऑनलाइन बोर्ड की अधिकारिक वेबसाइट www.bseh.org.in पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से भरा जाना है। सम्बद्धता शुल्क एच.डी.एफ.सी. बैंक द्वारा गेटवे पेंमेट के माध्यम से ऑनलाइन जमा करवाया जाना है। उन्होंने आगे बताया कि किसी भी प्रकार की तकनीकी कठिनाई के लिए मोबाइल नम्बर 9896582271 या बोर्ड कार्यालय की सम्बद्धता शाखा के फोन नम्बर 01664-244171 से 176 Ext.111 पर सम्पर्क किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त सम्बद्धता शाखा की ई-मेल asenr@bseh.org.in पर भी मेल भेज सकते है।